## एक नजर में



### संतर बाई परमार का निधन

**पड़ाना 19 मई, सं.** मंगलवार स्व. हीरालाल परमार (चक्की वाले) की धर्मपत्नी एवं स्व. गोपीलाल परमार की भाभी तथा इंदर सिंह, सुरेश, राजेश, चैनसिंह की पूज्य माताजी एवं गोरीलाल, गोरधन की बड़ी मम्मी तथा गोविन्द, रोहित, संस्कार, उमंग की दादी श्रीमती संतर बाई परमार का लगभग 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. जिनकी शव यात्रा मंगलवार 11 बजे निवास स्थान आशारेटा रोड ग्रामीण बैंक सड़क मार्ग से होते हुए बाईपास स्थित सार्वजनिक ले जाया गया. इस दौरान शव यात्रा में परिवारजन, समाजजन,रिश्तेदार,पड़ोसियों सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी शव यात्रा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कि वही उनके पुत्र इंदर सिंह, सुरेश, राजेश, चैनसिंह एवं परिवारजनौ ने मुखाग्नि दी गई.

### जनगणना में छूटे लोगों को जोड़ने शिविर

**ब्यावरा 19 मई,का.** जनगणना में किसी का नाम न छूटे ऐसे लोगो को जोड़ने के लिये चार दिवसीय शिविर लगाया जा रहा है. शहरी जनगणना अधिकारी के रूप में सीएमओ ने इसके लिये विभिन्न स्थान निर्धारित करते हुए हर शिविर के लिये कर्मचारियों का दल तैनात किया है. यह शिविर 23 मई से 26 मई तक प्रतिदिन प्रातः 10:30 से सायंकाल 6 बजे तक रहेगा.शहरी जनगणना अधिकारी इकरार अहमद ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य जनगणना में ब्यावरा में स्थायी अथवा अस्थायी रूप से रहने वाले किसी भी व्यक्ति, महिला, परिवार के सदस्यों का नाम किसी भी कारण से नहीं छूट पाए. इसके लिये कोई भी व्यक्ति हर मोहल्ले, सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों के स्थल पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यहां तैनात कर्मचारी इस संबंध में छूटे लोगो के नाम जुड़वा सकते है. नगर में कुल 21 स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है.

### जिला अस्पताल में कांग्रेस का धरना आज

**राजगढ़ 19 मई, का.** जिला शासकीय अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं, मरीजों को हो रही भारी असुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त घोर अनियमितताओं के खिलाफ कांग्रेस आंदोलन करने जा रही है. जिला इंकाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के नेतृत्व में एक विशाल धरना एवं घेराव प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है. आज 20 मई बुधवार सुबह प्रातः 11 बजे जिला शासकीय अस्पताल, राजगढ़ में कांग्रेसजन धरना प्रदर्शन करेंगे.

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
हॉस्टल के लिए चौकीदार, खाना बनाने वाली बाई एवं वार्डन की आवश्यकता है. वेतन योग्यता अनुसार. रहना खाना फ्री.
**संपर्क** - के के मेमोरियल पब्लिक स्कूल राजगढ़ **मोबाइल** 9827869751 बिल 22 मई

# एएसआई से तीन लाख रुपए की साइबर ठगी

## घुटनों के ऑपरेशन के लिए जमा किए थे पैसे, एएसआई ने कहा देहात थाने में अब तक नहीं हुई कार्यवाही, साइबर को शिकायत की

**देहात थाने में पदस्थ रहे है, घुटनों के ऑपरेशन के लिए जमा किया था पैसा साइबर ठगी के शिकार हुए**

### पत्नी के खाते से तीन बार 95 हजार रुपए उड़ाए, एएसआई के अकाउंट से 10 हजार की शॉपिंग

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 19 मई, का. साईबर ठगी के मामले और ठगों के हौंसले लगातार बढ़ रहे है. आमजनमानस तो इनका शिकार हो ही रहा है अब पुलिस वाले भी इनसे नहीं बच रहे है. मामला ब्यावरा शहर के निवासी पुलिस विभाग में पदस्थ एएसआई से ठगी का सामने आया है. एएसआई की पत्नि के खाते से करीब 3 लाख रूपए और उनके खाते से दस हजार रूपए की राशि की ठगी की गई है. सारा पैसा ऑनलाईन चपत किया गया है. ये पैसा उन्होंने अपने घुटनों के ऑपरेशन के लिए रखा था.**

ठगी की सूचना उन्होंने साईबर टीम को दी है. लेकिन अब तक देहात थाने में उनकी सुनवाई नहीं की जा रही है.




#### बेटे ने पैसे मांगे तब बैलेंस चैक किया और होश उड़ गए

जानकारी के अनुसार कोर्ट में तैनात एएसआई गोपाल सिंह खींची के दोनों घुटनों का ऑपरेशन होना है. ईलाज के लिए उन्होंने अपने और पत्नि के खातों में करीब 4 लाख रूपए जमा किए थे. बीते 10 मई को उनके बेटे ने 3 हजार रूपए घर के किसी काम के लिए मांगे. जब उन्होंने खाते में पैसे चैक किए तो मालूम हुआ कि पत्नि के खाते से तीन बार 95-95 हजार रूपए और उनके अपने वेतन खाते से 10 हजार रूपए निकाले गए है. बैलेंस कम होने पर उन्होंने खाते का स्टेटमेंट बैंक से लिया तो मामला साफ हुआ. उनके खातों से साईबर ठगी की गई.

#### जिस थाने में पदस्थ थे उसी में सुनवाई नहीं



एएसआई गोपाल सिंह खींची ने बताया कि वे देहात थाने में पदस्थ रहे है. काफी वर्षों से जिले के पुलिस महकमे को अपनी सेवाएं दे रहे है. लेकिन मुसीबत के वक्त वही देहात थाना स्टाफ उनकी मदद करने में रूचि नहीं ले रहा है. उन्होंने बताया कि उनका ब्यावरा स्थित घर श्रीरामकॉलोनी देहात थाने अंतर्गत आता है. इसीलिए मामले की शिकायत दर्ज कराने वे देहात थाने पहुंचे. अब समझा जा सकता है कि जब उसी थाने में पदस्थ कर्मचारी की रिपोर्ट और सुनवाई नहीं हो रही तो आम लोगों की सुनवाई किस प्रकार होती होगी. हालांकि मामले में साईबर सेल को राजगढ़ में शिकायत की गई है. और 12 मई को साईबर सेल ने मामला पंजीबद्ध कर लिया है.

#### उत्तराखण्ड, दिल्ली और हरियाणा के खातों में पहुंची राशि

एएसआई गोपाल सिंह खींची ने अपने बैंक स्टेटमेट की पड़ताल कराई तो उसमें पता चला है कि बीवी के खाते से तीन बार 95 हजार की राशि उत्तराखण्ड, दिल्ली और हरियाणा के खातों में डाली गई है. वहीं एएसआई श्री खींची के खाते से 10 हजार रूपए की राशि से ऑनलाईन शॉपिंग की गई है. पूरे मामले में साईबर सेल जांच कर रही है.

### नया कारनामा

#### मृतक को पुलिस ने बनाया आरोपी, किया केस दर्ज

**ब्यावरा 19 मई, का.** एबी रोड पर बापची के पास बीती 23 अप्रेल को सड़क हादसे में बाइक फिसलने से हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के खिलाफ ही केस दर्ज किया है. यह केस मर्ग की जांच के आधार पर किया गया है. शहर थाना पुलिस ने बताया कि, बबलू पुत्र भंवरलाल बंजारा 30 साल निवासी ग्राम डूंगरपुर अपनी बाइक से ससुराल गया था. वहां अपने साले गौना कार्यक्रम कर वापस लौट रहा था, तभी ब्याबरा के पास बापची गांव में एक होटल के सामने गाड़ी फिसलने से गिर गया था. उसके सिर, चेहरे, नाक व मुंह और आंख एवं कान में गंभीर चोटें होने से मौत हो गई थी. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था. जांच में पाया कि, मृतक की ही लापरवाही से हादसा हुआ था. इसलिए उसी के खिलाफ केस दर्ज किया है.

### सड़क हादसे में हुई युवक की मौत

**ब्यावरा 19 मई, का.** राजगढ़ रोड पर विनियाखेड़ी जोड़ के पास बीती 6 मई को सड़क पर खड़े ट्रैक्टर ट्राली से बाइक टकराने से सड़क हादसे में हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने 12 दिन आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है. देहात थाना पुलिस ने बताया कि, बीती 6 मई को धर्मराज पुत्र देवीसिंह वाल्मीकि व मिथुन पुत्र देवीसिंह वाल्मीकि और मुकेश तीनों निवासी राजगढ़ बाइक से ब्यावरा से राजगढ़ जा रहे थे. तभी विनियाखेडी जोड के अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली से उनकी गाड़ी टकरा गई थी. इस हादसे में मिथुन की मौत हो गई थी.

### किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**ब्यावरा 19 मई, का.** शहर में अपनी बड़ी बहन के घर के आई एक किशोरी लापता हो गई. घटना बीती रात करीब साढ़े 8 बजे की है. परिजनों ने देररात को इस मामले में शहर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है. पुलिस ने बताया कि, 20 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, उसकी 17 वर्षीय छोटी बहन फरियादिया के ससुराल आई थी. जहां बीती रात डेयरी पर दही लेने जाने की कहकर घर से निकली थी.

## ढकोरा शिव मंदिर पर चल रही संगीतमय कथा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 19 मई, का.** ग्रामीण अंचल में इन दिनों भक्ति की बयार बह रही है. ग्राम ढकोरा के ऐतिहासिक एवं प्राचीन शिव मंदिर परिसर में समस्त ग्रामवासियों के जनसहयोग से भव्य संगीतमय कथा तथा एक कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. भक्ति और श्रद्धा के इस अनूठे समागम में प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं.

कथा प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक हो रही है, जिसमें सुमधुर भजनों और संगीतमय प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो रहे हैं.

इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर ढकोरा सहित आसपास के क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है. कथा श्रवण के लिए न केवल स्थानीय ग्रामीण, बल्कि दूर-दराज के अन्य गांवों से भी बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बुजुर्ग श्रद्धालु पहुंच रहे हैं.

**कल महाप्रसादी के साथ समापन** समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने बताया कि इस भव्य संगीतमय कथा का विधि-विधान से समापन कल 21 मई को होगा. इस अवसर पर विशाल भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के प्रसादी ग्रहण करने की उम्मीद है. आयोजक समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने और महाप्रसादी ग्रहण करने की अपील की है.

**अतिथि देवो भव की अनूठी मिसाल** भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रामवासियों द्वारा सेवा की एक अनुकरणीय मिसाल पेश की जा रही है. बाहर से आने वाले हर एक श्रोता और आगंतुक के लिए ग्रामीणों द्वारा शीतल एवं मीठे शरबत वाले जल की विशेष व्यवस्था की गई है. ग्रामीण बढ़-चढ़कर आगंतुकों की सेवा में जुटे हुए हैं.



## बीज के इंतजाम में जुटे किसान, सोयाबीन में उछाल

### गत वर्ष सोयाबीन का उत्पादन बेहद कम होने से इस वर्ष बीज का संकट संभव

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 19 मई,का.** भीषण गर्मी के बीच किसानों को अगले माह मानसून की आहट के साथ ही बीज की जरूरत पड़ेगी. इस समस्या को लेकर किसानों ने अभी से चिंता करना शुरू कर दिया है.

गत वर्ष अतिवृष्टि से बर्बाद हुई सोयाबीन के कारण सोयाबीन का उत्पादन प्रभावित हुआ था. खरीब फसल में इस क्षेत्र में सोयाबीन का उत्पादन सर्वाधिक होता है. एक बार पुनः किसान सोयाबीन उत्पादन को लेकर अपनी तैयारी में जुटा है.

वर्तमान में चाहे सब भीषण गर्मी से आहत है लेकिन किसानों को खरीफ फसल लेने की चिंता होने लगी है. यहीं कारण है कि किसान ने मानसून की आहट के पूर्व बीज के इंतेजाम करना शुरू कर दिये है. मंडी में सोयाबीन के भाव में एकदम तेजी आ गई है.

जो सोयाबीन 4500 रूपये प्रति क्विंटल के आसपास बिक रही थी उसके भाव में लगातार वृद्धि हो रही है. मंगलवार को ब्यावरा मंडी में सोयाबीन के भाव 7500 रूपये प्रति क्विंटल पार कर गये है. प्रति दिन 100 से 150 क्विंटल सोयाबीन ब्यावरा मंडी में बिकने को आ रही है. बीज के लिये उपयुक्त सोयाबीन के भाव बहुत बेहतर मिल रहे है. क्षेत्र में सोयाबीन का रकबा बहुतायत में रहता है.

## माता-पिता का सम्मान नहीं कर सकते वो सुखी नहीं रह सकते




नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 19 मई, सं. 84 लाख योनि के बाद मनुष्य जन्म मिलता है मनुष्य को समझने विचारने की शक्ति दी है जो अपनी समझ से अपने जीवन को संवार सकते हैं. अपने आप को सुखी रखने के लिए लोग अपने बूढ़े माता-पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ रहे हैं. उनकी देखभाल नहीं कर पा रहे हैं उनका सम्मान नहीं कर पा रहे हैं.**

सुखी जीवन की उम्मीद रखते हैं जो अपने बुजुर्ग माता पिता का सम्मान नहीं कर सकते वो सुखी केसे हो सकते हैं. यह बात आध्यात्मिक सत्संग समिति द्वारा राठी परिसर में आयोजित सत्संग के तीसरे दिन सोमवार को संत कृष्णा मां ने अपने मुखारविंद से कहीं. उन्होंने कथा में नैतिक मूल्यों को अपने की बात भी कहीं. समापन अवसर पर नयनतारा परिवार के संतोष सोनी की ओर से महाप्रसादी का वितरण किया गया. इस दौरान समाजसेवी ओमप्रकाश राठी, पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी, राजेंद्र पालीवाल, सतीश राठौर, बाबूलाल गुर्जर, शशिकांत नेमा, रामचरण नावरिया, रेखा दुबे, स्नेहलता व्यास, अनिता पाल आदि शामिल रहे.

### जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित

**राजगढ़ 19 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले में समर्थन मूल्य पर चल रहे गेहूं, चना एवं मसूर उपार्जन कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि जिन खरीदी केंद्रों पर किसानों की अधिक संख्या एवं स्लॉट लंबित हैं, वहां के उपलब्ध स्लॉट अन्य ऐसे खरीदी केंद्रों पर शिफ्ट किए जाएं जहां कार्य कम लंबित है, ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े और उपार्जन कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके. बैठक में परिवहन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने डीएम नान एवं संबंधित ट्रांसपोर्टरों को निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों से माल उठाव में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने माल उठाव में विलंब करने वाले ट्रांसपोर्टरों को नोटिस जारी करने तथा उनके भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए.

## 400 साल बाद फिर मंदिर में गूंजेगी हनुमान चालीसा



नवभारत न्यूज

**पडाना 19 मई, सं.** नेशनल हाईवे के पास बसे चतुरूखेड़ी गांव में आस्था की जीत हुई है. करीब 400 साल पुराने खंडित हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार पूरा होने के बाद आज 20 मई से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू हो रहा है. सात दिवसीय आयोजन में पंचकुंडी महायज्ञ, श्रीराम कथा और संत सम्मेलन होंगे.

गत वर्ष ग्रामीणों की बातचीत में प्राचीन हनुमान स्थान का जिक्र आया. खोजबीन पर गांव में खुले आसमान के नीचे खंडित अवस्था में हनुमान जी की प्रतिमा मिली. प्रतिमा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होते ही सनातनी समाज ने मंदिर पुनर्निर्माण की मांग तेज कर दी. ग्रामीणों के अनुसार 400 वर्ष पूर्व यहां ब्राह्मण समाज सहित अनेक सनातनी परिवार बसते थे. समय के साथ तस्वीर बदली. वर्तमान में 1200 की आबादी वाले इस गांव में अधिकांश पठान समुदाय के लोग खेती पर निर्भर हैं. अब यहां सिर्फ दो-तीन हिंदू परिवार ही शेष हैं.

**संत ने संभाली कमान**

मऊ स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी गुरु चरण दास जी महाराज ने मंदिर निर्माण का संकल्प लिया. उन्होंने मऊ व आसपास के ग्रामीण अंचलों से तन, मन, धन से सहयोग मांगा. क्षेत्रवासियों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया और देखते ही देखते भव्य मंदिर आकार ले चुका है. महोत्सव की शुरुआत आज सुबह मऊ के खेड़ापति हनुमान मंदिर से 108 कलश की विशाल शोभायात्रा के साथ होगी. जो 3 किमी दूर चतुरूखेड़ी स्थित नवनिर्मित मंदिर तक निकलने वाली यात्रा में 10 डीजे, भजन मंडलियां, ढोल नगाड़े, घोड़े बग्गी आकर्षण का केंद्र रहेंगे.

## पुनरखेड़ी में श्रीराम कथा का समापन

नवभारत न्यूज

**करनवास 19 मई, सं. तहसील के ग्राम पुनरखेड़ी में पिछले सात दिनों से चल रही संगीतमय श्रीराम कथा का आज, 18 मई को वैदिक मंत्रोच्चार, भव्य हवन-पूजन और विशाल भंडारे (महाप्रसादी) के साथ गरिमामय समापन हुआ.**

सात दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान के चलते पूरा क्षेत्र राममय और भक्ति के रंग में डूबा नजर आया. पुनरखेड़ी में आयोजित इस भव्य धार्मिक महोत्सव में सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित श्री श्याम शर्मा (करनवास वाले) के मुखारविंद से संगीतमय श्रीराम कथा की रसधारा बही. कथा के अंतिम दिन पंडित जी ने श्रीराम राज्याभिषेक और प्रभु के आदर्शों पर प्रकाश डाला. सात दिनों तक श्रद्धालुओं ने संगीतमय भजनों और चौपाइयों पर झूमते हुए कथा का श्रवण किया. कथा के विश्राम दिवस पर आज सुबह मुख्य यजमानों सहित समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में यज्ञशाला में हवन-पूजन का आयोजन किया गया. महाप्रसादी के दौरान हजारों भक्तों ने पूरी श्रद्धा और अनुशासन के प्रसाद ग्रहण किया.




**आगजनी** असामाजिक तत्वों ने दर्जनों पौधों में लगाई आग

## भोपाल रोड पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया

**सैकड़ों छायादार और फूलदार पौधों को असामाजिक तत्वों ने किया आग के हवाले**

**सोमवार देर शाम को हुई घटना**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 19 मई, का. भोपाल-ब्यावरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाने वाली घटना सामने आई है. मलावर जोड़ और सोनकच्छ के बीच हाईवे के डिवाइडर पर लगे सैकड़ों छायादार और फूलदार पौधों को असामाजिक तत्वों ने आग के हवाले कर दिया. देखते ही देखते हरे-भरे पौधे जलकर राख हो गए.**

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह घटना सोमवार देर शाम की है. हाईवे के बीचो-बीच लगे कनेर, करंज और अन्य शोभादार पौधों में अचानक आग लग गई.

आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में करीब 400 मीटर के दायरे में लगे दर्जनों पौधे जल गए. हैरानी की बात यह है कि घटना के वक्त हाईवे पर वाहनों का आवागमन लगातार जारी था. सड़क से सैकड़ों राहगीर भी निकल रहे थे, इसके बावजूद आरोपियों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने दिनदहाड़े हरियाली को नष्ट कर दिया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने के बाद धुएं का गुबार उठने लगा, जिससे वाहन चालकों को भी परेशानी हुई.

#### जले हुए पौधों की जगह नए पौधे लगाने की मांग

हाईवे पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों को चिन्हित किया जाए और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई हो. स्थानीय नागरिकों ने जले हुए पौधों की जगह नए पौधे लगाने की मांग भी उठाई है. फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है. लेकिन क्षेत्र में इस घटना को लेकर लोगों में नाराजगी है. नेशनल हाईवे को हरा-भरा रखने की मुहिम को ऐसे कृत्य बड़ा झटका दे रहे है.

#### लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की

कुछ लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था. सूचना मिलने पर हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपित तब तक फरार हो चुके थे. इस घटना से पर्यावरण प्रेमियों में भारी आक्रोश है. स्थानीय पर्यावरण प्रमियों का कहना है कि सरकार लाखों रुपये खर्च कर हाईवे पर हरियाली विकसित करती है. गर्मी में ये पेड़ छाया देते हैं और प्रदूषण रोकते हैं. इन्हें जलाना सीधे पर्यावरण के खिलाफ अपराध है. पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन व एनएचएआई से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कराई जाए.

## किसान का शव कुएं के पास फंदे पर लटका मिला

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 19 मई, का. राजगढ़ जिले के खिलचीपुर थाना क्षेत्र के जैतपुरा कला गांव में किसान ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मंगलवार सुबह कुएं के पास बोर के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका शव मिला. घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया. मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रेमसिंह दांगी निवासी जैतपुरा कला खेती-किसानी का काम करते थे. उनके परिवार में दो पत्नियां और चार बच्चे हैं. प्रेमसिंह की पहली शादी कंचनबाई से हुई थी, जिनसे उनकी दो बेटियां हैं. बेटा नहीं होने के कारण उन्होंने दूसरी शादी संगीता बाई से की थी. दूसरी पत्नी से उन्हें एक बेटा और एक बेटी है.

बताया जा रहा है कि पहली पत्नी कंचनबाई गांव में रहती थीं, जबकि प्रेमसिंह दूसरी पत्नी संगीता बाई के साथ गांव के बाहर कुएं पर रहकर खेती का काम करते थे.सोमवार रात प्रेमसिंह रोजाना की तरह कुएं पर सोने गए थे. देर रात उन्होंने अज्ञात कारणों के चलते कुएं के पास लगे बोर के पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली.

मंगलवार सुबह जब संगीता बाई की नींद खुली तो उन्होंने अपने पति को पेड़ पर लटका देखा. यह दृश्य देखकर वह चीख पड़ीं. आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा. इसके बाद परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया.

**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**
B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27
प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)
ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक
दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक
महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26
नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.
विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.
योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%
आवश्यक दस्तावेज-
10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.
नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें
संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337
04 मई से -04 जून 2026